जापानी कंपनी फूड प्रोसेसिंग संयंत्र लगाएगी

ग्रेटर नोएडा, कार्यालय संवाददाता। जापान की कंपनी क्यूपी कॉर्पोरेशन यमुना सिटी में फूड प्रोसेसिंग संयंत्र लगाएगी। जापान के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ बैठक की और औद्योगिक पार्कों का निरीक्षण किया। साथ ही यहां निवेश की इच्छा जताई।

फूड प्रोसेसिंग संयंत्र लगाने के लिए आठ से 10 एकड़ जमीन की जरूरत होगी। जापान की कंपनी 200 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इससे विदेशी निवेश आने के साथ रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। कंपनी प्रबंधन संयंत्र लगाने के लिए जल्द प्रस्ताव देगा। यमुना सिटी का यह तीसरा फूड प्रोसेसिंग संयंत्र होगा। इससे पहले दो कंपनियों पतंजलि और इनोवा फूड पार्क के लिए जमीन आवंटित की जा चुकी है। प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक क्यूपी कॉर्पोरेशन के अधिकारियों को यमुना सिटी का बुनियादी संसाधन पसंद आया है। यीडा के सीईओ आर के सिंह ने बताया कि जापान के प्रतिनिधिमंडल के साथ सकारात्मक चर्चा हुई। क्यूपी कॉर्पोरेशन से प्रस्ताव मिलने के बाद उसकी जांच की जाएगी। फिर इसे बोर्ड और उद्योग विभाग से स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा।

दो कंपनियों को पहले ही जमीन दी जा चुकी

1. पतंजलि : यमुना सिटी के सेक्टर-24 और सेक्टर-24ए में पतंजलि आयुर्वेद को 430 एकड़ भूमि आवंटित की जा चुकी है। पतंजलि ने मेगा फूड पार्क के साथ फूड प्रोसेसिंग यूनिट का निर्माण शुरू कर दिया है। यहां 10 लाख लीटर प्रतिदिन की क्षमता की डेयरी स्थापित की जाएगी। यहां चीज, पनीर समेत दुग्ध उत्पाद बनाए जाएंगे।

2. इनोवा : इनोवा फूड पार्क कोलार (कर्नाटक) सेक्टर-24 में 30 एकड़ भूमि में एग्रो हब (कृषि निर्यात केंद्र) केंद्र खोलेगी। यहां कृषि और बागवानी उत्पादों की जांच, ग्रेडिंग और पैकेजिंग की आधुनिक सुविधाएं होंगी। एग्रो हब की कार्गो टर्मिनल से दूरी करीब 10 किलोमीटर होगी, जिससे सामान का परिवहन तेज और सस्ता होगा।

79 देशों में सक्रिय : क्यूपी कॉर्पोरेशन अपने एग-योल्क आधारित मेयोनीज और उमामी स्वाद प्रोफाइल के लिए जानी जाती है। जापान में लगभग 60 फीसदी बाजार हिस्सेदारी रखने वाली यह कंपनी अमेरिका, चीन समेत 79 से अधिक देशों में सक्रिय है।